## संक्षिप्त समाचार.....

### अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने जैसलमेर के पोकरण में की जन सुनवाई

**जयपुर।** अल्पसंख्यक मामलात, श्री मंत्री शाले मोहम्मद ने मंगलवार को अलवर जिले के पोकरण उपखण्ड मुख्यालय पर सोशल डिस्टेंसिंग व कोरोना बचाव से संबंधित गाईड लाईन की पालना के साथ जनसुनवाई की तथा ग्रामीणों एवं शहरवासियों की समस्याओं को सुना व इनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जन अभियोग निराकरण मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए दायित्वों का निर्वहन करें और जहां कहीं कोई समस्या सामने आए, उसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान खोजें ताकि लोगों को अनावश्यक देरी तथा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान लोगों ने खासकर ग्रामीण अंचलों में पानी, बिजली, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं, सड़क, शिक्षा, महात्मा गांधी नरेगा सहित विभिन्न लोक सेवाओं और सुविधाओं के बारे में शिकायतों और समस्याओं से अवगत कराया। जन अभियोग निराकरण मंत्री ने रायपालों की ढांणी झालरिया में पेयजल समस्या दूर करने, डिडाणिया और अन्य गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान स्वीकृत कराने, महानरेगा में रोजगार देने, लाठी में अतिक्रमण हटाने सहित कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### केंद्रीय विभागों की चूक बाघों की मौत का मुख्य कारण-सिंह

**कोटा।** राजस्थान के पूर्व मंत्री एवं कोटा जिले के सांगोद विधानसभा से कांग्रेस विधायक भरत सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार के वन मंत्रालय के अधीन कार्यरत एनटीसीए और भारतीय वन्यजीव संस्थान की चूक मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत का मुख्य कारण हो सकती है। श्री सिंह ने आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र भेजकर कहा कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बाघों की ट्रांसलोकेशन के उपरांत एनटीसीए, भारतीय वन्यजीव संस्थान में वैज्ञानिक तरीके से निगरानी करने में चूक की है। समय -समय पर इसे मॉनिटर नहीं करना इस हादसे का मुख्य कारण हो सकता हैं। भविष्य में भी सफलता के साथ बाघों का ट्रांसलोकेशन करने के बाद इन संस्थाओं की निगरानी अति आवश्यक होगी। उन्होंने पत्र अनुरोध किया कि वह केंद्रीय वन मंत्री से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व का दौरा करने के लिए कहे। उल्लेखनीय है कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में एक बाघ और बाघिन की मृत्यु के बाद मंगलवार को बाघिन के एक शावक की भी कोटा के चिड़ियाघर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जबकि इस बाघिन का एक शावक अभी तक लापता है।

### सोते हुए पति-पत्नी पर गिरा मकान, महिला की मौके पर मौत

**बारां।** जिले में छबड़ा कस्बे की जोशी कॉलोनी में बुधवार को सुबह 5 बजे कच्चा मकान ढहने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, महिला का पति समीर घायल हो गया। जानकारी अनुसार, मंगलवार रात क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी। जिससे जोशी कॉलोनी निवासी समीर शाह का कच्चा मकान जर्जर हो गया था। लोगों ने बताया कि समीर के मकान के ऊपर ही एक जने का पक्का मकान है। पक्के मकान की दीवार बुधवार सुबह समीर के कच्चे मकान पर गिर गई।

जिससे मकान में सो रहे समीर और उसकी पत्नी रेशमा बी (19) दब गए। पता चलते ही पड़ोसियों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। दोनों को काफी मशक्कत के बाद मलबे से बाहर निकाला गया। जिसके बाद समीर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, रेशमा अचेत अवस्था मे निकली। जिसे चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार भेरू लाल मीणा व नगर पालिका कर्मी भी मौके पर पहुंच गए।

### यहां हाथियों के रहने के लिए बनाए गए 5 नए घर

**जयपुर।** देश भर में अनूठे जयपुर के हाथी गांव में अब हाथियों के साथ उनके मालिकों को रहने की ज्यादा जगह मिलेगी। इसके लिए हाथी गांव में 5 नए थान (हाथी और मालिक के रहने का स्थान) तैयार किए गए हैं। इसमें चार हाल ही में बने हैं, इनका उपयोग किया जाएगा। अब गांव में कुल 68 थान हो गए हैं। इसके साथ अब हाथियों को 24 घंटे पानी देने का भी काम किया गया है। ये सभी काम कोरोना काल के बीच किए गए। जिससे हाथियों के साथ महावतों को मदद मिल सके। करीब 6 महीने से गांव के हाथी आमेर में राइड नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वे लंबे समय से गांव में ही हैं। उनको एक ही जगह में जंगल और प्राकृतिक वातावरण देने के लिए बड़ी संख्या में पेड़-पौधे लगा दिए गए हैं। इनकी लंबाई 10 फीट से भी ज्यादा है। इससे हाथियों को और ज्यादा एक्टिव रहने में मदद मिलेगी। एक थान में हाथी व मालिक का अलग-अलग रूम, हाथी के चारे का गोदाम, रसोई घर, बाथरूम आदि बनाए गए हैं।

### अलवर में कोरोना संक्रमितों की मृत्यु दर का प्रतिशत बेहत्तर : टीकाराम

**जयपुर।** श्रम राज्य मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर अलवर जिले के लिए सुखद बात यह है कि राज्य की तुलना में संक्रमितों की संख्या एवं मृत्यु -दर का प्रतिशत कम है। उन्होंने निर्देश दिये कि कोरोना जाँच लैब को तुरन्त प्रभाव से चालू करवाये एवं उच्च अधिकारी की जिम्मेदारी तय करे कि भविष्य में जाँच मशीन सही काम करे ताकि मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो। श्री जूली बुधवार को अलवर में कोर ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों से जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए मामलों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लिया तथा इस पर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने भिवाड़ी व अन्य कोविड केयर हेल्थ सेन्टरों पर खाने-पीने, साफ-सफाई व दवाइयों सहित देखभाल भी तय मापदण्डों के अनुसार किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने संस्थागत क्वारंटाइन में रह रहे लोगों से फोन के माध्यम से उनके खाने, रहने व आवास व्यवस्था तथा दवाइयों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

### गहलोत ने शंकर दयाल शर्मा को उनकी जयंती पर किया याद

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को उनकी जयंती पर आज याद किया। इस अवसर पर श्री गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें याद करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के सबसे प्रतापी राजनेताओं में से एक श्री शर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान तथा मंत्री रहते, उपराष्ट्रपति और अंततः राष्ट्रपति के रूप में देश को अपनी सेवाएं प्रदान की। श्री गहलोत ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर भी सभी फ़ोटोग्राफ़रों और उनके प्रशंसकों को बधाई दी। उन्होंने इस मौके कहा कि यह दिन जीवन के क्षणों और यादों को कैद करने की कला को समर्पित है।

**कृषि एवं सहकारिता विभागों की समीक्षा बैठक**

## एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट लगाने में सब्सिडी योजना के लिए अभियान चलाकर किसानों को करें प्रोत्साहित : गहलोत



**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा है कि किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की योजना का लाभ किसानों को प्राथमिकता के आधार दिलवाएं। उन्होंने कृषि तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस योजना के तहत बैंक से ऋण दिलाने में किसानों की सहायता करने तथा जिला स्तर पर अभियान चलाकर किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। श्री गहलोत ने 18 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास पर कृषि, सहकारिता एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी बल्कि फसल उत्पादों में वैल्यू एडिशन होने से उनकी कीमत भी बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस योजना के तहत किसानों को कृषि प्रसंस्करण उद्योग लगाने पर एक करोड़ रूपये तक ऋण मिल सकता है जिस पर राज्य सरकार द्वारा 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटियों के द्वारा आम जनता को निवेश के नाम पर धोखा देकर उनकी गाढ़ी मेहनत की कमाई लूटने की शिकायतें चिंता का विषय हैं। उन्होंने अधिकारियों को ऐसा मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए कि भविष्य में प्रदेश में ऐसी कोई भी को-ऑपरेटिव सोसायटी गरीब जनता को झांसे में नहीं ले सके। उन्होंने कहा कि आम जनता को ऐसी सोसायटियों से बचाने के लिए जागरूक करने की भी जरूरत है। मुख्यमंत्री ने किसानों को रबी फसल वर्ष 2019-20 के बीमा क्लेम के शीघ्र भुगतान के लिए 250 करोड़ रूपए प्रीमियम कृषक कल्याण कोष से स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए। श्री गहलोत के इस निर्णय से लगभग 2.50 लाख किसानों को लगभग 750 करोड़ रूपए के बीमा क्लेम का जल्द से जल्द भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने विभिन्न जिलों में 3,723 डिग्गियों के निर्माण पर कृषक कल्याण कोष से 95.87 करोड़ रूपए के शीघ्र भुगतान के लिए निर्देश दिए। इस हेतु कृषक कल्याण कोष से भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी। श्री गहलोत ने कहा कि विभिन्न सहकारी संस्थाओं में 1,000 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए। इसके लिए उन्होंने विभाग के सेवा एवं भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन 3 माह में पूरा कर भर्ती की अभ्यर्थना सहकारी भर्ती बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की क्रय-विक्रय सहकारी समितियों, पैक्स, लैम्प्स आदि के माध्यम से किसानों को भारत सरकार द्वारा शुरू किए कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड का अधिकाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने का भी निर्णय लिया है। राजस्थान में इस फण्ड के तहत 9 हजार करोड़ रूपए आवंटित करने का लक्ष्य रखा गया है और नवगठित समिति इसकी क्रियान्विति की नियमित मॉनिटरिंग करेगी।

### प्रेमी युगल के नहर में कूद जाने की आशंका

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में बीकानेर जिले के छतरगढ़ थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता एक नाबालिगा और एक युवक के इंदिरा गांधी नहर में कूद जाने की आशंका है। थाना प्रभारी सुरेंद्र बारुपाल ने बताया कि कल देर शाम सत्तासर में इंदिरा नहर किनारे एक मोटरसाइकिल संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की सूचना मिली। वहां जाकर देखा गया तो मोटरसाइकिल के साथ मोबाइल फोन, चप्पलें और सुसाइड नोट भी पडे थे। सुसाइड नोट और मोबाइल फोन से पता चला कि एक लड़की और एक युवक घर से भागे जिनके नहर में कूद जाने की आशंका को देखते हुए गोताखोरों को बुला लिया गया। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर जिले के नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय लड़की 16 अगस्त को अपने गांव से लापता हो गई थी। उसके पिता ने 17 अगस्त को एक युवक पवन निवासी बदरासर, जिला बीकानेर पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है।

## गलता तीर्थ में पांच फीट मिट्टी में दबे है भगवान

**जयपुर/एजेंसी।** राजधानी में छह दिन पहले हुई मूसलाधार बारिश ने सन 1981 में आई बाढ़ की यादें ताजा कर दी है। यहां 14 अगस्त को हुई बारिश से हुए नुकसान और तबाही के मंजर अब भी नजर आ रहे है। इंसानों की बस्ती हो या फिर यहां का प्रमुख धार्मिक स्थल गलता तीर्थ, जो कि देशी विदेशी सैलानियों के पर्यटन का स्थल भी है। गलता जी तो रामानुज संप्रदाय की प्रमुख पीठों में से एक है। यहां भगवान श्री राम के परिवार और पहाड़ों में स्वयं प्रकट हनुमान जी तथा शिव परिवार की प्राचीन मूर्तियां भी छह दिन बाद करीब पांच से छह फीट मिट्?टी के मलबे में दबी हुई है। इसी गलता तीर्थ में हुए नुकसान भास्कर संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। ग्रांउड रिपोर्ट पर सबसे पहले गलता पीठ के प्रमुख अवधेशाचार्य महाराज से बातचीत में सामने आया कि 14 अगस्त को आई मूसलाधार बारिश की वजह से यहां काफी नुकसान हो गया है। इससे पहले ऐसा मंजर 40 साल



पहले 19 जुलाई 1981 में आई बाढ़ की वजह से देखने को मिला था। महाराज ने बताया कि गलता में 7 कुंड है। इनमें सबसे पहला राजा कुंड पहाड़ियों पर है। यहां मिट्टी के विशाल टीले है। जहां एक केचमेंट एरिया बनाकर क्यारा बांध नाम दिया गया।


### नारायण पांचाल बने तहसील अध्यक्ष



**झोटवाड़ा।** जन अधिकार सेना सगठन के द्वारा श्रीराम नगर निवासी **नारायण** पांचाल को झोटवाड़ा तहसील से तहसील अध्यक्ष के दायित्व पर नियुक्त किया जाता है यह नियुक्ति फुलेरा तहसील अध्यक्ष की अनुशंसा पर जन अधिकार सेना सगठन के प्रदेश प्रभारी हरिसिंह चौहान जी के द्वारा दी जाती है व आप के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं सगठन में आप धर्म रक्षा, नारी सुरक्षा, गो रक्षा, व धर्म को आगे बढ़ाने में कार्य करेंगे तथा जल्द से जल्द की टीम रेडी करेंगे व सगठन का प्रचार प्रसार करेगे और सगठन को आगे बढ़ाएंगे।

## गाईडलाइन्स का उल्लघंन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी : महानिदेशक पुलिस अपराध

**जयपुर/एजेंसी।** प्रदेश में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू राजस्थान एपिडेमिक अध्यादेश के तहत अब तक 5 लाख से अधिक व्यक्तियों का चालान कर 7 करोड 65 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया जा चुका है। महानिदेशक पुलिस अपराध श्री एमएल लाठर ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर मास्क नहीं लगाने पर 2 लाख 5 हजार से अधिक, बिना मास्क पहने लोगों को सामान बेचने पर 11 हजार 712, निर्धारित सुरक्षित भौतिक दूरी नहीं रखने पर 2 लाख 87 हजार 333 व्यक्तियों के चालान किये गये है। सार्वजनिक स्थलों पर थूकंने वाले, शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गुटखा-तम्बाकू का सेवन करने वाले



व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है। उन्होंने बताया कि निषेधाज्ञा तथा क्वारंटाईन मापदण्डों का उल्लघंन करने पर 3 हजार 600 एफआईआर दर्ज कर अब तक करीब 7 हजार 742 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

निषेधाज्ञा व एमवी एक्ट के तहत 8 लाख 20 हजार 28 वाहनों का चालान एवं 1 लाख 61 हजार 673 वाहनों को जब्त किया गया एवं करीब 14 करोड़ 82 लाख रुपये से अधिक जुर्माना वसूल किया जा चुका है। श्री लाठर ने बताया कि प्रदेश में 25 हजार 525 व्यक्तियों को सीआरपीसी के प्रावधानों के तहत शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता,**
**सा.नि.वि., विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर**

**क्रमांक :-680** **दिनांक :- 10.08.2020**

**-:: निविदा सूचना संख्या : 11/2020-2021 ::-**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में सा.नि.वि. राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/ के.लो.नि.वि./डाक एवं दूर संचार/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के संवेदकों के समकक्ष ( **पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड.ए.आर. के नियमों** ) हो उन से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट ***http://dipr.rajasthan.gov.in/temder/asp, http://eproc.rajasthan.gov.in*** तथा ***http://sppp.raj.nic.in*** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट ***http://eproc.rajasthan.gov.in*** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

1). UBN No. PWD2021WSOB04471
2). UBN No. PWD2021WSOB04472
3). UBN No. PWD2021WSOB04473
4). UBN No. PWD2021WSOB04474
5). UBN No. PWD2021WSOB04475
6). UBN No. PWD2021WSOB04476
7). UBN No. PWD2021WSOB04477

**( दीपक कुमार मित्तल )**
**अधिशाषी अभियंता,**
**सा.नि.वि., विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर**

**डीआईपीआर/सी/6315/20** **मो. नं. 8118844105**


## इंदिरा रसोई में सभी के लिये 8 रुपये में उपलब्ध होगा उच्च गुणवत्ता का भोजन

**नगर निगम जयपुर ग्रेटर एवं हैरिटेज में 10-10 स्थानों पर संचालित होगी इंदिरा रसोई**

**आज होगा योजना का शुभारंभ**

**जयपुर/एजेंसी।** मुख्यमंत्री की भावना के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा कोई भी भूखा न सोये के संकल्प के साथ 20 अगस्त से इंदिरा रसोई योजना प्रारंभ की जा रही है। नगर निगम जयपुर ग्रेटर एवं हैरिटेज में 10-10 स्थानों पर इंदिरा रसोई प्रारंभ की जा रही है। बुधवार को नगर निगम के ईसी हॉल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला कलेक्टर श्री अन्तर सिंह नेहरा, आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर श्री दिनेश कुमार यादव एवं हैरिटेज आयुक्त श्री लोकबन्धु ने यह जानकारी दी। यहां-यहां शुरू होगी




इंदिरा रसोई- नगर निगम जयपुर ग्रेटर में मुहाना मंडी, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र (वीकेआई) के पास, सांगानेर पुलिया के नीचे, रैन बसेरा थड़ी मार्केट मानसरोवर, महिला कामकाजी हॉस्टल लालकोठी सब्जी मण्डी के पास, जेके लॉन अस्पताल, एसएमएस अस्पताल, महिला चिकित्सालय, कालवाड़ रोड़ वार्ड नं. 15 कार्यालय तथा रैन बसेरा रेल्वे स्टेशन जगतपुरा में इंदिरा रसोई संचालित की जायेगी। इसी प्रकार नगर निगम हैरिटेज जयपुर में टीला नं. 5 जवाहर नगर, अम्बेडकर भवन जयपुर, रैन बसेरा बडौदिया बस्ती, सिन्धी कैम्प बस स्टेण्ड, सामुदायिक केन्द्र वार्ड नं. 78, जनाना अस्पताल चांदपोल, सामुदायिक केन्द्र वार्ड नं. 17 भट्टा बस्ती, गणगौरी हॉस्पिटल तथा सामुदायिक केन्द्र राजमल तलाब में इंदिरा रसोई संचालित की जायेगी। इसके साथ ही जयपुर जिले की 12 नगर पालिकाओं में भी 20 अगस्त से इंदिरा रसोई शुरू हो जायेगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि नगर पालिका चौमू में बस स्टेण्ड, सांभर में रैन बसेरा नेहरू गार्डन पांच बत्ती चौराहा, चाकसू में कोटखावदा मोड़ स्टेण्ड, कोटपूतली में पुरानी सब्जी मण्डी स्थित रैन बसेरे में, जोबनेर में मैन मार्केट, फुलेरा में नगर पालिका ऑफिसर के पास अम्बेडकर भवन में, विराट नगर में वार्ड नं. 20 के सामुदायिक भवन में, शाहपुरा में बस डिपो के सामने, किशनगढ़-रेनवाल में दातारामगढ़ रोड़ अम्बेडकर भवन में, बगरू में सामुदायिक भवन छीपो के मोहल्ले में, पावटा के पुराने ग्राम पंचायत भवन में तथा बस्सी में राजीव गांधी सेवा केन्द्र में इंदिरा रसोई संचालित की जायेगी।

## 5 जिलों में 699 नए केस सामने आए, 10 की मौत

**जयपुर/एजेंसी।** राजस्थान में बुधवार को कोरोना के 699 नए मामले सामने आए। इनमें अलवर में 224, बीकानेर में 209, कोटा में 143, जोधपुर में 73 और जयपुर में 50 लोग संक्रमित मिले। जिसके बाद कुल संक्रमितों का आंकड़ा 64676 पहुंच गया। वहीं, 10 लोगों की मौत भी हो गई। इनमें जयपुर में 3, नागौर में 2, अजमेर, बीकानेर, गंगानगर, कोटा और उदयपुर में 1-1 की मौत हो गई। जिसमें बाद कुल मृतकों का आंकड़ा 908 पहुंच गया। वहीं, राज्य में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राजस्थान पुलिस द्वारा सभी ट्रेनिंग प्रोग्राम को स्थगित कर दिया गया है। राजस्थान पुलिस उप महानिदेशक द्वारा ये आदेश जारी किया गया। कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए ये कदम उठाया गया है। प्रदेश में संक्रमण के सबसे ज्यादा केस जोधपुर में



हैं। यहां 9578 (इनमें 47 ईरान से आए) संक्रमित हैं। इसके अलावा जयपुर में 7825 (2 इटली के नागरिक), अलवर में 6342, भरतपुर में 3341, पाली में 3440, बीकानेर में 3480, नागौर में 2020, अजमेर में 3215, कोटा में 3875, उदयपुर में 1988, धौलपुर में 1923, बाड़मेर में 1990, जालौर में 1310, सिरोही में 1069, सीकर में 2034, डूंगरपुर में 827, चूरू में 774 संक्रमित हैं। इसके अलावा, झुंझुनूं में 838, राजसमंद में 939, भीलवाड़ा में 1512, झालावाड़ में 1003, टोंक में 511, चित्तौड़गढ़ में 682, जैसलमेर में 306 (इनमें 14 ईरान से आए), बांसवाड़ा में 387 मरीज मिले हैं। इसके अलावा, दौसा में 436, बारां में 386, सवाई माधोपुर में 385, करौली में 492, हनुमानगढ़ में 302, प्रतापगढ़ में 308, कोरोना मरीज मिल चुके हैं। श्रीगंगानगर में 483, बूंदी में 401 पॉजिटिव मिला। जोधपुर में बीएसएफ के 85 जवान भी पॉजिटिव मिल चुके हैं। दूसरे राज्यों से आए 189 लोग पॉजिटिव मिले। राजस्थान में कोरोना से अब तक 908 मरीजों की जान जा चुकी है।

इनमें जयपुर में सबसे ज्यादा 236 मरीजों की मौत हुई। इसके अलावा, जोधपुर में 87, बीकानेर में 62, भरतपुर में 61, अजमेर में 61, कोटा में 56, नागौर में 38, पाली में 34, उदयपुर में 19, धौलपुर में 18, और सिरोही में 11 मरीजों की जान गई है। वहीं, अलवर में 23, बाड़मेर में 15, बारां में 12, सवाई माधोपुर में 12, सीकर में 13, राजसमंद में 11, भीलवाड़ा में 10, गंगानगर, डूंगरपुर, जालौर और करौली में 7-7, टोंक, झुंझुनूं और चित्तौड़गढ़ में 6-6, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और दौसा में 4-4, चूरू में 2, बूंदी और हनुमानगढ़ में 1-1 की मौत हो चुकी है। वहीं, दूसरे राज्यों के 38 मरीजों की भी मौत हुई है।


**हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302006, भारत
फोन : 0141-2214074, 4025431
वेबसाइट : www.highstreetfilatex.in ई-मेल : highstreet.filatex@gmail.com
Corporate Identity Number : L18101RJ1994PLC008386

**हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड की 26वीं एनुअल जर्नल मीटिंग की सार्वजनिक सूचना, जो की वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) द्वारा होगी और रिमोट ई-वोटिंग जानकारी की सूचना।**

सूचित किया जाता है की हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड की 26 वीं एनुअल जर्नल मीटिंग बुद्धवार, 30 सितम्बर, 2020 को दोपहर 02:00 बजे वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के द्वारा आयोजित की जाएगी जो की मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स, के सर्कुलर (MCA सर्कुलरस) न. 14/2020 दिनांक अप्रैल 08, 2020, सर्कुलर न. 17/2020 दिनांक अप्रैल 13, 2020 तथा सर्कुलर न. 20/2020 दिनांक मई 05, 2020 के अनुसरण तथा सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया के सर्कुलर (सेबी सर्कुलर) न. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक मई 12, 2020 के अनुसरण में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना की जाएगी.

कोविड-19 की स्थिति के कारण एवं MCA सर्कुलरस तथा सेबी सर्कुलर के अनुसरण में कंपनी की एनुअल रिपोर्ट तथा AGM का नोटिस सिर्फ उन अंश धारको को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में ही भेजा जायेगा जिनकी ई-मेल कंपनी या डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट के पास रजिस्टर्ड है। 26 वीं एनुअल जर्नल मीटिंग का नोटिस और एनुअल रिपोर्ट की भौतिक प्रतियो को भेजने की आवश्यकता उपर्युक्तMCA सर्कुलरस तथा सेबी सर्कुलर के अनुसरण में खारिज की गई है।

सदस्य 26 वीं एनुअल जर्नल मीटिंग को सिर्फ वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ही अटेंड कर सकते है तथा ये लोग ही कंपनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 103 के अनुसार मीटिंग कोरम की गणना में सम्मिलित किये जावेगे। 26 वीं एनुअल जर्नल मीटिंग में जुड़ने तथारिमोट ई-वोटिंग/ 26 वीं AGM के समय रिमोट ई-वोटिंग में सहभागिता का तरीका26 वीं एनुअल जर्नल मीटिंग के नोटिस में दिया जायेगा। AGM का नोटिस तथा एनुअल रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.highstreetfilatex.in और BSE की वेबसाइट www.bseindia.com पे उपलब्ध किया जायेगा। AGM का नोटिस सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज(इंडिया) लिमिटेड www.evotingindia.com पे भी उपलब्ध करवाया जायेगा।

अगर किसी सदस्य ने अपनी ईमेल डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट/कंपनी के पास रजिस्टर नहीं की हुई है तो, जिनके शेयर्स demat मे है वे अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करे तथा जिनके शेयर्स भौतिक रूप में है वे लोग कंपनी के RTA से उनकी ईमेल beetalrta@gmail.com पे संपर्क करके रजिस्टर करवाए और अगर कोई व्यक्ति ये नोटिस भेजने के पश्चात कंपनी के अंशधारक बनता है और कट ऑफ डेट जो की बुधवार 23 सितम्बर, 2020 को अंश धारक है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर रिक्वेस्ट भेज और/या श्री नितिन कुंदर (022-23058738) एवं श्री राकेश दलवी (022-23058542) एवं श्री महबूब लखानी (022-23058543) मेनेजर, 25th floor Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds NM Joshi Marg, Lower parel (E) Mumbai - 400013 से संपर्क करAGM का नोटिस तथा एनुअल रिपोर्ट प्राप्त कर सकता है, तथा AGM को वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से जुड़ने के लिए लॉग इन की सुचना प्राप्त कर सकता है। सदस्य कंपनी सचिव को कंपनी के ईमेल highstreet.filatex@gmail.com पर भी लिख सकते है।

निदेशक मंडल की आज्ञा से
कृते हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड
ह./-
विभोर कुमावत
(कम्पनी सचिव व अनुपालन अधिकारी)
**ACS-55710**

स्थान : जयपुर
दिनांक : 19.08.2020



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560** फोन नं. 0141-2570653 **(RNI No. RAJHIN/2004/12833)**